>

Title: Need to set up a Divisional Post Office along with Zonal Post Office in Katihar, Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): सभापति जी, मैं बताना चाहता हूं कि बिहार विभाजन के पूर्व बिहार में डाक विभाग डाक सर्कल के मुजफ्फरपुर और रांची दो क्षेत्रीय कार्यालय थे। बिहार के हिस्से में बंटवारे के पास मुजफ्फरपुर आया। मुजफ्फरपुर से आबादी के दबाव को देखकर डाकघर का सुचारु रूप से संचालन नहीं हो रहा है। सीमांचल के क्षेत्र से नेपाल और बांग्ला देश की सीमा लगती है, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज 25,000 किलोमीटर क्षेत्र के लोगों के लिए डाकसेवा बेहतर करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय होना चाहिए। चूंकि भेदभाव बरता गया है, 1925 में पूर्णिया को डाक प्रमंडल बनाया गया था। इसमें कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, अररिया और किशनगंज आते हैं। मेरी मांग है कि इन क्षेत्रों को देखते हुए कटिहार को प्रमंडल और क्षेत्रीय कार्यालय बनाने का काम जल्द से जल्द किया जाए।